हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, मंगलवार 5 मई 2026

11 बीसीसीआई चुनाव के लिए भरे नामांकन



12 हड़ताली कर्मियों ने डीएमसी को कार्यालय में आने से रोका



**खबर संक्षेप**

### नगर परिषद व फायर कार्यालय परिसरों में धरने प्रदर्शन पर रोक

**झज्जर।** जिलाधीश स्वप्निल रविन्द्र पाटिल ने शहरी स्थानीय



निकाय से जुड़े कर्मियों की हड़ताल के मद्देनजर नगर परिषद झज्जर एवं फायर कार्यालय परिसर में उत्पन्न संभावित कानून एवं व्यवस्था की स्थिति को ध्यान में रखते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू करने के आदेश जारी किए हैं। आदेश के तहत नगर परिषद एवं अन्य सरकारी परिसरों के 200 मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार का धरना, प्रदर्शन, नारेबाजी, जुलूस, टेंट लगाना या किसी भी प्रकार की विरोध गतिविधि पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगी। पांच या अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने पर भी प्रतिबंध रहेगा।

### सात बहनों में से सबसे छोटी ने लगाया फंदा

**बहादुरगढ़।** लाइनपार में एक किशोरी का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे पर लटका हुआ मिला। प्रारंभिक तौर पर आत्महत्या की बात सामने आई है। दरअसल, बिहार मूल का एक दंपति यहां लाइनपार के विकास नगर में रहता है। इस परिवार की सात बेटियां हैं, जिनमें से छह की शादी हो चुकी है। सबसे छोटी करीब 13 वर्षीय लड़की रविवार को घर पर थी। माता व पिता काम पर गए हुए थे। बराबर वाले कमरे में बड़ी बहन थी। कुछ समय बाद उसने देखा तो दूसरे कमरे में उसकी छोटी बहन फंदे पर लटकी हुई थी। परिजनों के बयान के बाद पोस्टमार्टम करा दिया गया।

### प्रशिक्षु नियुक्ति के लिए साक्षात्कार कल

**बहादुरगढ़।** राजकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में प्रशिक्षु की नियुक्ति के लिए बुधवार छह मई को साक्षात्कार व प्रयोगिक परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। प्रिंसिपल ने जानकारी देते हुए बताया कि कोपा व्यवसाय की जिन छात्राओं ने भारत सरकार के पोर्टल पर आवेदन किया है, वे इस प्रक्रिया का हिस्सा बन सकती हैं। उन्हें अपने साथ ऑरिजनल दस्तावेज व फोटो लाने हैं।

**मेट्रो के 416 किलोमीटर लंबे नेटवर्क में जुड़ेंगे 97 किमी के कॉरिडोर, डीएमआरसी के 303 स्टेशनों में होगा 65 का इजाफा**

# 7 नए मेट्रो कॉरिडोर बनने से दिल्ली-एनसीआर में बेहतर होगी कनेक्टिविटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

दिल्ली में मेट्रो विस्तार की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए सरकार ने 7 नए मेट्रो कॉरिडोर विकसित करने का फैसला लिया है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत राजधानी में लगभग 97 किलोमीटर लंबा नया मेट्रो नेटवर्क तैयार होगा, जिसमें 65 नए स्टेशन बनाए जाएंगे। करीब 48 हजार करोड़ रुपये की लागत वाली इस योजना से नजफगढ़, नरेला, बवाना व रोहिणी के साथ बहादुरगढ़ में रहने वालों को भी सीधा लाभ होगा।

बता दें कि वर्ष 1995 में डीएमआरसी की स्थापना हुई थी। अब तक मेट्रो 416 किलोमीटर लंबा नेटवर्क विकसित कर चुकी है। अभी 303 स्टेशनों के बीच कुल 343 ट्रेनों द्वारा प्रतिदिन साढ़े 4 हजार से अधिक फेरे लगाए जाते हैं। जिनमें प्रतिदिन 65 लाख से अधिक यात्री यात्रा करते हैं। ताजा विस्तार के तहत 97.158 किलोमीटर लंबा नेटवर्क विकसित करने के साथ ही 65 नए मेट्रो स्टेशन बनाए जाएंगे। नजफगढ़ के ढांसा स्टैंड से नांगलोई तक 11.86 किलोमीटर लंबे कॉरिडोर पर 9 स्टेशन बनेंगे। इससे बहादुरगढ़ में रहने वालों को भी अत्यधिक लाभ होगा।

साथ ही नजफगढ़, मितराऊ, जाफरपुर, सुरहेड़ा, खरखड़ी, बापड़ोला, बक्करवाला व नांगलोई में कनेक्टिविटी बढ़ेगी। केंद्रीय सचिवालय और किशनगढ़ के बीच 15.97 किलोमीटर लंबे




नेटवर्क से सेंट्रल सेक्रेट्रिएट, खान मार्केट, लोधी रोड, एम्स/सफदरजंग, आरके पुरम, मुनिरका और वसंत कुंज में कनेक्टिविटी बढ़ेगी। समयपुर बादली और नरेला के बीच 12.89 किलोमीटर लंबे कॉरिडोर पर समयपुर बादली, रोहिणी सेक्टर-18, सिरसपुर, खेड़ा कलां, नरेला सेक्टर-5, नरेला अनाज मंडी व नरेला टर्मिनल समेत 8 स्टेशन बनेंगे। कीर्ति नगर और पालम के बीच 9.96 किलोमीटर लंबा नया लिंक कीर्ति नगर, मायापुरी, हरि नगर, दिल्ली कैंट, सागरपुर व पालम को कनेक्ट करेगा। जोरबाग और साकेत के जी-ब्लॉक वाला कॉरिडोर 16.99 किलोमीटर लंबा होगा। इस पर जोरबाग, मालवीय नगर, साकेत, पुष्प विहार व साकेत जी-ब्लॉक समेत 12 स्टेशन होंगे। शास्त्री पार्क व मयूर विहार फेज-3 पर 13.2 किलोमीटर लंबे कॉरिडोर पर शास्त्री पार्क, गांधी नगर, गीता कॉलोनी, पटपड़गंज, मयूर विहार फेज-1 और मयूर विहार फेज-3 समेत 8 स्टेशन बनेंगे। केशवपुरम और रोहिणी सेक्टर-34 कॉरिडोर पर 16.29 किलोमीटर की दूरी में केशवपुरम, वजीरपुर, पीतमपुरा, रोहिणी सेक्टर-16, रोहिणी सेक्टर-24 व रोहिणी सेक्टर-34 समेत कुल 12 स्टेशन बनेंगे। इस फैसले को दिल्ली-एनसीआर के परिवहन ढांचे में ऐतिहासिक बदलाव माना जा रहा है।

#### समय पर पूरी होनी चाहिए परियोजना



दिल्ली विश्वविद्यालय के विद्यार्थी रक्षित काजला के अनुसार बहादुरगढ़ समेत पूरे एनसीआर को मेट्रो कनेक्टिविटी के बेहतर विकल्प मिलेंगे। इससे दैनिक यात्रियों, नौकरीपेशा लोगों, विद्यार्थियों और व्यापारिक गतिविधियों को सीधा लाभ होगा। यदि परियोजना तय समय पर पूरी होती है, तो आने वाले वर्षों में दिल्ली-एनसीआर का परिवहन नेटवर्क देश के सबसे आधुनिक शहरी परिवहन मॉडल के रूप में उभर सकता है।

#### पूरे एनसीआर को मिलेगी विकास की रफ्तार



दुकानदार दीपक बत्रा के अनुसार यह प्रोजेक्ट केवल दिल्ली ही नहीं, बल्कि पूरे एनसीआर के लिए विकास की नई रफ्तार साबित होगा। तेजी से बढ़ती आबादी और शहरीकरण को देखते हुए मेट्रो विस्तार समय की बड़ी जरूरत है। नए कॉरिडोर बनने से ट्रैफिक जाम, प्रदूषण और सड़क परिवहन पर निर्भरता में कमी आएगी। दिल्ली मेट्रो के नए विस्तार से उनके सफर का समय कम होगा और राजधानी तक पहुंच अधिक सुगम बनेगी।

**आंधी व तूफान के साथ आसमानी बिजली का कहर, तेज हवा में उड़ा सामान**

# 91 खंभे गिरे, कई घंटे बिजली सप्लाई ठप

- साल्हावास में सबसे ज्यादा 13 .5 एमएम बारिश हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

रविवार देर सायं आई आंधी व तूफान से भारी नुकसान हुआ है। तेज आंधी ने जहां एक ओर बिजली व्यवस्था को ठप कर दिया, वहीं दूसरी ओर किसानों और व्यापारियों को भी भारी नुकसान झेलना पड़ा। आंधी की रफ्तार इतनी तेज थी कि कई जगहों पर बिजली के 91 खंभे टूटकर गिर गए, जिससे कारण सोमवार दोपहर बाद तक बिजली आपूर्ति बाधित रही और लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

वहीं, तेज हवाओं के कारण घरों की छतों पर रखा सामान उड़ गया। पानी की टंकियां, पंखे व चारपाई सहित अन्य सामान हवा में दूर तक जा गिरे। कई जगहों पर दुकानों के बाहर लगे बड़े-बड़े होर्डिंग्स और बैनर भी गिर गए, जिससे दुकानदारों को नुकसान उठाना पड़ा। इसके अलावा खेतों में रखा किसानों का तूड़ा भी हवा में उड़ गया, जिसके कारण किसानों को भारी नुकसान हुआ। तेज आंधी और बरसात के कारण कई क्षेत्रों में बिजली के खंभे गिर गए। जिसके कारण रविवार पूरी रात और सोमवार को दोपहर बाद तक बिजली आपूर्ति ठप्प रही। स्थिति यह रही कि लोगों के इनवर्टर बैट्री भी जवाब दे गए। जिसके चलते उन्हें अपने रोजमर्रा के कार्य निपटाने में भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। उधर, बिजली आपूर्ति ठप होने का असर बाजार के कारोबार पर भी पड़ा।

**बिजली सप्लाई करवाई चालू :** बिजली निगम के एसडीओ सौरभ ने बताया कि आंधी तूफान के बीच नौ मीटर के 47 खंभे और 11 मीटर वाले 44 खंभे गिर गए। जिसके कारण बिजली आपूर्ति बाधित रही। कर्मचारियों ने कड़ी मेहनत कर व्यवस्थाओं को सुधारा और बिजली आपूर्ति को सुचारू किया।



**झज्जर।** तेज आंधी के कारण गिरा बिजली का खंभा।

#### झज्जर में 5.9 एमएम बरसात

उधर, आंधी के साथ हुई बरसात के कारण मौसम खुशनुमा हो गया और आमजन को गर्मी से आंशिक राहत मिली। विभागीय आंकड़ों के अनुसार झज्जर में 5.9 एमएम, बादली में 4 एमएम, बेरी में 9 एमएम, मातनहेल में 11.5 एमएम और साल्हावास में 13.5 एमएम बारिश दर्ज की गई। मौसम में बदलाव के कारण तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। सोमवार को अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।



**झज्जर।** आसमानी बिजली गिरने से जला दुकान में रखा सामान।

#### नीलाहेड़ी में बिजली गिरने से सामान जला

नीलाहेड़ी गांव में गिरी आसमानी बिजलीः तेज आंधी तूफान के साथ गरज रही बिजली गांव नीलाहेड़ी में दो से तीन स्थानों पर गिरी। जिसके कारण जहां टेंट हाउस की दुकान में रखा सामान जलकर राख हो गया। वहीं, दो मोर के मारे जाने की भी सूचना है।

#### बरसात के चलते कई डिग्री गिरा तापमान

**बहादुरगढ़।** अप्रैल माह में भीषण गर्मी झेलने के बाद मई के शुरुआत में लोगों को थोड़ी राहत मिली है। फिलहाल मौसम बदला हुआ है। रविवार की देर शाम को पहले ठंडी हवा चली और फिर रात को बरसात हो गई। रातभर में कुल 6.80 एमएम बरसात दर्ज की गई। बरसात के चलते मौसम सुहाना हो गया। सोमवार की सुबह ठंडी हवा चली। दोपहर को धूप तो निकली लेकिन अत्याधिक तपिश नहीं थी। अधिकतम तापमान 32 डिग्री दर्ज किया गया। मंगलवार को भी तापमान ऐसा ही रहने की उम्मीद है। हालांकि अप्रैल माह में तापमान 43 डिग्री तक पहुंच गया था लेकिन फिलहाल मई के पहले सप्ताह में गर्मी से हल्की राहत जरूर मिली है।

### नहर में नहाने गया प्रवासी युवक डूबा

**बहादुरगढ़।** मांडोठी के निकट से गुजर रही एनसीआर माइनर में रविवार देर शाम को एक युवक डूब गया। पुलिस द्वारा सर्च अभियान चलाया जा रहा है। लेकिन सोमवार दोपहर बाद तक युवक का शव बरामद नहीं हो पाया था। सर्च अभियान के लिए गोताखोर टीम भी बुलाई गई है। घटना रविवार देर शाम करीब सात बजे की है।

जानकारी के अनुसार, उत्तर प्रदेश के कन्नौज जिले का करीब 23 वर्षीय प्रशांत यहां रोहद में रहता था। रविवार को वह मांडोठी के निकट से गुजर रही एनसीआर माइनर में नहाने के लिए गया था। इसी दौरान वह डूब गया। नजदीक ही कुछ बच्चे थे। उन्होंने शोर मचाया तो आसपास लोग एकत्र हुए। सूचना पाकर मांडोठी चौकी से पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। तब से सर्च अभियान जारी है।

बता दें कि गुरुग्राम जा रही यह माइनर बहादुरगढ़ इलाके के कई गांवों से गुजरती है। इस माइनर की गहराई अधिक है और बहाव भी तेज रहता है। एक बार यदि कोई डूब जाए तो उसके बचने की संभावना कम रहती है। शव भी कई कई किलोमीटर दूर कई दिन बाद तक बरामद हो पाते हैं। हर साल गर्मी के मौसम में इसमें नहाने के दौरान कई लोगों की मौत हो जाती है। सुरक्षा की दृष्टि से प्रशासन ने इस माइनर में नहाने पर रोक लगाई है। इसके बावजूद लोग नहीं मानते, जिस कारण ये हादसे हो रहे हैं।

### क्रेटा ने 3 गाड़ियों व एक बाइक में मारी टक्कर, दो घायल



**झज्जर।** दुर्घटना के बाद मौके पर लगे जाम को खुलवाने का प्रयास करते पुलिस कर्मचारी।

**झज्जर।** स्थानीय सब्जी मंडी के नजदीक तेज गति से आ रही क्रेटा गाड़ी ने तीन गाड़ियों व एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। जिसके कारण मोटरसाइकिल सवार युवकों को हल्की चोटें लगी हैं, जबकि गाड़ी सवार लोग सुरक्षित बच गए। दुर्घटना के बाद मौके पर जाम लग गया और सूचना पुलिस को दी गई। इस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी लेते हुए जाम खुलवाया।

# वार्ड 17 में 25 लाख रुपये से बनेगी जर्जर सड़क

- विधायक ने किया निर्माण कार्य का शुभारंभ, पार्षदों से मांगी विकास कार्यों की लिस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

विधायक राजेश जून ने सोमवार को वार्ड-17 में 25 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सड़क के निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान चेयरपर्सन सरोज राठी व पार्षद सचिन दलाल के साथ नगर परिषद अधिकारी व स्थानीय



नागरिक भी मौजूद रहे। विधायक राजेश जून ने बताया कि दिल्ली-रोहतक रोड स्थित माहेश्वरी भवन से नाले तक इस सड़क का निर्माण होगा। वर्ष 2009 में बनी यह सड़क अब जर्जर हो चुकी थी, जिसके चलते क्षेत्रवासियों की समस्या को देखते हुए इसे दोबारा बनाया जा रहा है। इस सड़क निर्माण से वार्ड 17 के लोगों को बेहतर आवागमन की सुविधा मिलेगी। विधायक राजेश जून ने कहा कि शहर के विकास के लिए सभी जनप्रतिनिधि मिलकर काम करेंगे। विधायक ने कहा कि पार्षद भी अपने-अपने वार्ड के विकास कार्यों की सूची तैयार करके दें, ताकि प्राथमिकता के आधार पर उन्हें क्रियान्वित किया जा सके। वे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिलकर सभी वार्डों के लिए आवश्यक बजट सुनिश्चित करेंगे।

### प्रॉपर्टी टैक्स नहीं भरने पर नगर परिषद ने की सीलिंग



**बहादुरगढ़।** डीएमसी को सीलिंग की कार्रवाई के बारे में बताते नप सचिव।

- जिन संपत्तियों पर लंबे समय से टैक्स बकाया है और मालिक जानबूझकर भुगतान नहीं कर रहे, उनके खिलाफ कार्रवाई होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर में बकाया प्रॉपर्टी टैक्स की वसूली को लेकर नगर परिषद ने सख्त रुख अपनाते हुए सोमवार को विशेष सीलिंग अभियान चलाया। डीएमसी अभिनव सिवाच के नेतृत्व में गठित टीम ने लाइनपार क्षेत्र में एक प्रतिष्ठान को सील कर दिया। इसके अलावा रोहतक रोड स्थित एक होटल, बालौर रोड पर एक वाटिका व नजफगढ़ रोड पर एक सर्विस स्टेशन और एक वाटिका पर कार्रवाई की गई।

नगर परिषद के सचिव प्रवीण छिकारा अनुसार संपत्ति मालिकों को नोटिस देकर टैक्स जमा कराने के निर्देश दिए गए हैं, लेकिन इसके बावजूद बकाया टैक्स नहीं भरने वालों के विरुद्ध सख्ती बरतते हुए सीलिंग की कार्रवाई करनी पड़ी।नगर परिषद की कार्रवाई से अन्य बकायादारों में भी हड़कंप की स्थिति देखी गई। डीएमसी अभिनव सिवाच ने स्पष्ट किया कि जिन संपत्तियों पर लंबे समय से टैक्स बकाया है और मालिक जानबूझकर भुगतान नहीं कर रहे हैं, उनके खिलाफ इसी प्रकार की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि नगर परिषद का उद्देश्य राजस्व बढ़ाना और शहर के विकास कार्यों को गति देना है, इसलिए टैक्स वसूली में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे समय पर अपना प्रॉपर्टी टैक्स जमा करें, ताकि उन्हें किसी भी प्रकार की दंडात्मक कार्रवाई का सामना न करना पड़े। अभियान के दौरान नायब तहसीलदार प्रवीण कुमार और एमई जोगेंद्र सिंधु भी मौजूद रहे।

**जिले में 6 से 8 मई तक चलेगा फाउंडेशनल लर्निंग स्टडी आकलन**

# 19 निजी स्कूलों में बच्चों की साक्षरता व संख्यात्मक योग्यता जांचेंगे

**राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा देशभर में चलेगा अभियान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद नई दिल्ली द्वारा देशभर में तीसरी कक्षा के विद्यार्थियों के लिए फाउंडेशनल लर्निंग स्टडी नामक राष्ट्र स्तरीय आकलन कराया जा रहा है। यह अध्ययन भारत के समस्त राज्यों एवं जिलों में संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य प्राथमिक स्तर पर बच्चों की साक्षरता और संख्यात्मक योग्यता का मूल्यांकन करना है। निपुण जिला समन्वयक डॉक्टर सुदर्शन पूनिया ने बताया कि जिसको लेकर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। जिले में इस राष्ट्रीय अध्ययन के अंतर्गत सरकारी एवं निजी क्षेत्र के कुल 19 विद्यालयों का चयन किया गया है। जिले में यह अध्ययन 6 मई से 8 मई तक चलेगा। एनसीईआरटी की ओर से प्रोफेसर इंद्राणी भादुड़ी और उनकी टीम इस अध्ययन का नेतृत्व कर रही है। राज्य स्तर पर एससीआरटी गुरुग्राम की तरफ से डॉक्टर मनोज शर्मा और डॉक्टर देवेंद्र दत्त द्वारा सहयोग प्रदान किया जा रहा है। बैठक की अध्यक्षता जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी राजबाला मलिक ने की।



**झज्जर।** बैठक में उपस्थित शिक्षकों को संबोधित करते हुए समन्वयक।

#### तीसरी कक्षा के 12 विद्यार्थियों को लिया जाएगा

डॉक्टर सुदर्शन पूनिया ने बताया कि प्रत्येक चयनित विद्यालय से सत्र 2025-26 की तीसरी कक्षा के अधिकतम 12 विद्यार्थियों का चयन एक निश्चित मानदंड के अनुसार किया जाएगा। इस बार संपूर्ण प्रक्रिया फील्ड इंवेस्टिगेटर द्वारा टैब के माध्यम से की जाएगी। इस अध्ययन के जिला समन्वयक भूपेंद्र रोज ने बताया कि आकलन कार्य हेतु एबीआरसी एवं बीआरपी को दायित्व सौंपे गए हैं तथा डाइट मछरौली के माध्यम से उन्हें आवश्यक प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। डीईईओ राजबाला मलिक ने सभी विद्यालय प्रमुखों से आग्रह किया कि वे फील्ड इंवेस्टिगेटरों को पूर्ण सहयोग प्रदान करें और यह सुनिश्चित करें कि यह अध्ययन पूर्ण निष्पक्षता एवं ईमानदारी के साथ संपन्न हो।

# सहेली



विशेष
मातृ दिवस
10 मई

# मां तुम हो सबसे प्यारी... सबसे न्यारी...

मां के बारे में कितना भी कहा जाए, लिखा जाए, कम ही होगा। उसकी ममता की कोई थाह नहीं, उसके त्याग की कोई सीमा नहीं। संतान के हित के लिए अपना सब कुछ न्यौछावर करने को तत्पर मां की महानता का वर्णन संभव नहीं। सच! इस दुनिया में कोई रिश्ता नहीं, जो मां जैसा प्यारा हो, मां जैसा न्यारा हो।

कवर स्टोरी

शिखर चंद जैन

बिना कहे जो आपकी बात समझ जाए, जिससे बात करके मन हल्का हो जाए, जिसकी गोद में सिर रखकर कुछ पल बैठ जाएं तो स्वर्ग-सा सुख मिले, ऐसा शख्स मां के बिना भला कौन हो सकता है! अपनी संतान से मां का रिश्ता सृष्टि में सबसे सुंदर और अद्वितीय होता है। यह रिश्ता सिर्फ भावनाओं का संगम नहीं, त्याग, शक्ति और अटूट विश्वास की एक अनूठी कहानी है। मां का रिश्ता दुनिया के हर रिश्ते से अलग और बेहद महत्वपूर्ण होता है। मां का रिश्ता एक ऐसी अनमोल विरासत है। एक महिला के रूप में, मां होना पूर्णता का अहसास है और एक संतान के रूप में, मां का होना ईश्वर का वरदान है।

## सृष्टि का आधार मां की सृजन-शक्ति

मां का रिश्ता दुनिया का इकलौता ऐसा रिश्ता है, जो जन्म से पहले ही शुरू हो जाता है। नौ महीने तक एक नन्ही-सी जान को अपने भीतर सींचना, उसे अपना रक्त और पोषण देना, यह एक ईश्वरीय अनुभव है। दुनिया का कोई भी दूसरा रिश्ता इस स्तर के शारीरिक और आत्मिक जुड़ाव से नहीं बनता। मां एक 'क्रिएटर' है, यही उसे बाकी सब नातों से ऊपर रखता है। 'मां' केवल एक शब्द नहीं, संपूर्ण सृष्टि का आधार है। भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक मान्यताओं में मां को ईश्वर की सर्वश्रेष्ठ कृति के रूप में देखा जाता है। मां ही वह शक्ति है, जिसके बिना जीवन की कल्पना करना असंभव है। कई धार्मिक विचारों में मां को ईश्वर का साकार रूप माना गया है, क्योंकि जिस प्रकार परमात्मा सृष्टि का आधार है, उसी प्रकार मां अपने परिवार और भावी पीढ़ी का आधार होती है।

## पहली गुरु और मार्गदर्शक

मां न केवल जीवन देती है, बल्कि जीवन जीने का सही तरीका और संस्कार भी सिखाती है। एक बच्चा अपनी पहली शिक्षा किसी स्कूल से नहीं, बल्कि अपनी मां की गोद से ही प्राप्त करता है। भाषा, संस्कार, सही-गलत की पहचान और दुनिया को देखने का नजरिया सब मां ही सिखाती है। मां ही बच्चे की पहली मेंटर होती है। वह बिना किसी डिग्री के भी जीवन के सबसे कठिन पाठ पढ़ा देती है। इसीलिए मां को हमारे जीवन की पहली गुरु और मार्गदर्शक माना जाता है। मां ही बच्चे के साथ सबसे अधिक समय बिताती है, उसे जीवन के प्रारंभिक पाठ सिखाती है। मां की सिखाई बातें जीवन भर अपनी संतान का मार्गदर्शन करती हैं।

## निःस्वार्थ प्रेम की पराकाष्ठा



मां के निःस्वार्थ प्रेम और समर्पण के कारण ही उसे जीवनदाता और सबसे अच्छी दोस्त भी कहा जाता है। आज की व्यावसायिक दुनिया में हर रिश्ता किसी न किसी उम्मीद या लेन-देन पर टिका होता है। लेकिन मां का प्यार 'अनकंडीशनल' होता है। बच्चा चाहे कितना भी बड़ा हो जाए, सफल हो या असफल, मां के लिए वह हमेशा वही मासूम जान रहता है। उसका प्यार बदले में कुछ नहीं मांगता, बस अपने बच्चे की मुस्कुराहट चाहता है। मां का स्नेह, त्याग और ममता न केवल बच्चों का मार्गदर्शन करती है, बल्कि समाज और मानवता की नींव भी रखती है।

## अनकही बातों को समझने का हुनर

दुनिया के हर रिश्ते में अपनी बात समझाने के लिए शब्दों का सहारा लेना पड़ता है, लेकिन मां के साथ ऐसा नहीं है। आपकी आंखों की नमी, आपकी आवाज की खनक या आपकी चुप्पी, मां सब कुछ बिना कहे समझ लेती है। यह 'इंट्यूशन' और 'टेलीपैथी' जैसा जुड़ाव केवल मां के साथ होता है। 'मां' के पास अपनी संतान की अनकही बातों को समझने का जो हुनर होता है, वह शब्दों का मोहताज नहीं होता। यह गुण केवल एक मां ही रख सकती है, जिसे दुनिया के किसी और रिश्ते में पाना लगभग असंभव है। एक मां का दिल वह खजाना है, जिसमें केवल त्याग और प्रेम भरा होता है। मां न केवल अपनी संतान की भावनाओं को समझती है, बल्कि उनमें गहरी रुचि और परवाह भी दिखाती है। चाहे रोते हुए बच्चे को चुप कराना हो या किसी जटिल बात को सरलता से समझाना, मां, संचार के इस कौशल में माहिर होती है। मां का धैर्य, उसका निःस्वार्थ प्रेम ही उसे बच्चे के मन की उन बातों को भांपने की शक्ति देता है, जो वह कभी नहीं कह पाता।

## सबसे सुरक्षित आश्रय

बाहर की दुनिया कितनी भी कठोर क्यों न हो, जब एक बच्चा अपनी मां की गोद में सिर रखता है, तो उसे दुनिया का सबसे सुरक्षित कोना महसूस होता है। मां की गोद को दुनिया का सबसे सुरक्षित आश्रय मानने के पीछे केवल भावनाएं ही नहीं, बल्कि ठोस वैज्ञानिक और मनोवैज्ञानिक शोध निष्कर्ष भी हैं। रिसर्च के अनुसार, मां के साथ शारीरिक संपर्क (जैसे गोद में बैठना या गले लगना) शरीर में ऑक्सीटोसिन हार्मोन को रिलीज करता है। यह हार्मोन तनाव को कम करता है, सुरक्षा का अहसास दिलाता है और मां-बच्चे के बीच एक अटूट बंधन बनाता है। अध्ययनों से पता चला है कि मां का स्पर्श और उसकी मौजूदगी बच्चे के शरीर में कोर्टिसोल (तनाव बढ़ाने वाला हार्मोन) के स्तर को कम कर देती है। इससे बच्चा खुद को शांत और सुरक्षित महसूस करता है। सिंगापुर में किए गए एक अध्ययन के अनुसार, जो बच्चे मां के अधिक संपर्क में रहते हैं, उनके 'सोशल ब्रेन' का विकास बेहतर होता है। यह उन्हें भावनाओं को समझने और सामाजिक रूप से सक्रिय बनने में मदद करता है। मनोवैज्ञानिक जॉन बाउल्बी की 'अटैचमेंट थ्योरी' बताती है कि मां की गोद बच्चे के लिए एक 'सिक्योर बेस' (सुरक्षित आधार) का काम करती है। जब बच्चा यहां सुरक्षित महसूस करता है, तभी उसमें बाहर की दुनिया को एक्सप्लोर करने का आत्मविश्वास आता है। 'कंगारू केयर' (त्वचा से त्वचा का संपर्क) पर हुई रिसर्च बताती है कि मां की गोद में रहने से शिशुओं के दिल की धड़कन और शरीर का तापमान स्थिर रहता है, जिससे उनका शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर होता है।

### विशाल हृदयी-त्याग की मूरत मां



**एक महिला** जब मां बनती है, तो वह अपनी नींद, अपनी पसंद, अपना करियर और कभी-कभी अपनी पहचान तक को पीछे छोड़ देती है। सबसे रोचक बात यह है कि वह इसे 'त्याग' नहीं मानती, बल्कि अपनी खुशी मानती है। अपनी थाली की आखिरी रोटी बच्चे को खिलाकर पेट भरा हुआ महसूस करना, यह जादू सिर्फ मां कर सकती है। इंसान गलतियों का पुतला है, और हम अकसर जाने-अनजाने अपनों का ही दिल दुखाते रहते हैं। जहां दूसरे रिश्ते छोटी-सी ठेस से टूट जाते हैं या उनमें दरार आ जाती है, मां का दिल वह समंदर है, जो आपकी हर गलती को समा लेता है। वह डांटती है, नाराज होती है, लेकिन कभी आपका हाथ नहीं छोड़ती। उसका विशाल हृदय संतान को क्षमा करने में देर नहीं करता। जब पूरी दुनिया आप पर शक करती है, तब मां ही होती है, जिसे यकीन होता है कि आप सब कुछ कर सकते हैं। मां का 'मेरा बच्चा सबसे अच्छा है' वाला विश्वास हमें बड़े से बड़े संकट से लड़ने की शक्ति देता है। मां का भरोसा ही वह चेतना जगाती है, जिससे हमारा आत्मविश्वास चमकता है।

# प्यार से सिखाते-समझाते हुए अपनी मां को बनाएं टेक्नो-स्मार्ट

आप जरूर चाहेंगी कि जैसे स्मार्ट फोन और गैजेट्स के जरिए रोजमर्रा के ढेरों काम आसानी से कर लेती हैं, वैसे ही आपकी मम्मी भी कर लें। इसके लिए आपको ही उनकी हेल्प करनी होगी। उन्हें आप बहुत आसानी से टेक्नो-स्मार्ट बना सकती हैं।

सजेशन

ललिता गोयल



आज के डिजिटल दौर में मॉम को भी टेक्नो-फ्रेंडली होना बहुत जरूरी है। इससे उनको अपनी फेवरेट रेसिपी ढूंढ़ने या अपने रिलेटिव्स से बात करने के लिए किसी की मदद का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। वे खाली समय में अपना एंटरटेनमेंट कर पाएंगी, इससे उन्हें खुशी मिलेगी और उनका कॉन्फिडेंस भी बढ़ेगा। आप बहुत आसानी से मॉम को टेक्नो-स्मार्ट बना सकती हैं। इसकी शुरुआत मदर्स-डे से कर सकती हैं।

**दोस्त बनकर सिखाएं:** अगर टेक्नोलॉजी से जुड़ी मां को एक बार में कोई बात समझ नहीं आ रही तो परेशान या इरिटेट न हों। एक दोस्त की तरह व्यवहार करें, बार-बार प्यार से समझाएं। एक उम्र के बाद टेक्नोलॉजी से जुड़ी बातें सीखने में डर, हिचक होती ही है। ऐसे में उन्हें प्यार से समझाएं, उनका हौसला बढ़ाएं। जैसे आपके बचपन में उन्होंने आपको एक-एक अक्षर और गिनती सिखाई थी, वैसे ही अब आपकी बारी है।

**छोटे कदमों से करें शुरुआत:** सीधे मुश्किल फंक्शंस सिखाने की बजाय, रोजमर्रा की जरूरत वाली चीजें जैसे- व्हाट्सएप पर वीडियो कॉल, मैसेज टाइप करना, फोटो शेयर करना, यू-ट्यूब पर वीडियो देखना सिखाएं। जब वे इतना सीख जाएं तब उन्हें दूसरी बातों के बारे में बताएं।



**ऑनलाइन फ्रॉड की जानकारी:** अपनी मॉम को ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के टिप्स भी जरूर बताएं जैसे कि अनजाने लिंक पर क्लिक न करना और ओटीपी शेयर न करना। अनजान लिंक्स के खतरों के बारे में भी समझाएं ताकि कोई नुकसान न उठाना पड़े।

**एंटरटेनमेंट:** अगर मां को गाने सुनना पसंद हैं, तो उनके फोन पर यू-ट्यूब या स्पॉटीफाई में उनके फेवरेट गानों की प्ले-लिस्ट बना दें। अगर उन्हें किताबें पढ़ना पसंद है, तो ई-बुक्स के बारे में बता सकती हैं। अगर आपकी मां को लिखने का शौक है तो आप उन्हें पर्सनल ब्लॉग बनाना भी सिखा सकती हैं।

**वीडियो कॉलिंग:** अपनी मम्मी को जरूर सिखाएं कि कैसे वे अपनी सहेलियों या रिश्तेदारों से बिना किसी की मदद के वीडियो कॉल कर सकती हैं। अपने करीबियों को देखते हुए बात करना उन्हें बहुत खुशी देगा।

**कैब बुकिंग:** ट्रैवल एप के जरिए मां को कहीं भी आने-जाने के लिए कैब बुकिंग करना भी सिखाएं। इससे कहीं भी अकेले आने-जाने के लिए वे आत्मनिर्भर बनेंगी।

**हेल्थ-फिटनेस नॉलेज:** मां के फोन में कोई योगा एप डाउनलोड कर दें। इनमें 50 से अधिक की उम्र के हिसाब से आसान योगासन और ब्रीदिंग एक्सरसाइज के तरीके मिल जाएंगे। इनकी मदद से उन्हें फिट और हेल्दी रहने में बहुत मदद मिलेगी।

**डिजिटल पेमेंट:** उन्हें यूपीआई से पेमेंट करना जरूर सिखाएं। इससे वे आत्मनिर्भर बनेंगी और जब चाहेंगी अपनी पसंद की शॉपिंग कर सकेंगी। इससे उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा। जब मां अपनी पसंद की चीजों को डिजिटल तरीके से खुद एक्सेस कर पाएंगी, तो उन्हें बहुत खुशी मिलेगी।

**टेक्नो फ्रेंडली बनने के फायदे:** जब आपकी मॉम टेक्नोस्मार्ट हो जाएंगी तो यह कई तरीके से उनके लिए फायदेमंद होगा।

- वे घर बैठे ऑनलाइन सामान ऑर्डर कर सकती हैं।
- वे डिजिटल माध्यम से दूर बैठे परिवार वालों से आसानी से जुड़ सकती हैं।
- वे नई चीजें सीखकर नॉलेज बढ़ा सकती हैं।
- अपने खाली समय में एंटरटेनमेंट कर सकती हैं, इससे उन्हें बोरियत नहीं होगी।

# हर तरह के मैनेजमेंट स्किल में एक्सपर्ट होती हैं मदर्स

मांएं हर परिवार की धुरी होती हैं। एक साथ कई-कई भूमिकाएं निभाने में एक्सपर्ट मांओं का मैनेजमेंट स्किल कमाल का होता है। हर सदस्य की जरूरत और खुशी का ध्यान रखने में उनका जवाब नहीं होता है। तभी तो हम सब मानते हैं, मां जैसा कोई नहीं।

स्पेशल क्वालिटी

अंजू जैन



पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन, स्ट्रेटेजी, टीम लीडर जैसे भारी भरकम शब्दों का इस्तेमाल किए बिना ही शानदार मैनेजमेंट स्किल का प्रदर्शन करने में एक्सपर्ट होती हैं हम सभी की मांएं। हम उन्हें एक कुशल प्रबंधक की तरह काम करते हुए देखते हैं मगर कभी इस पर ध्यान नहीं दे पाते। कैसे हमारी मां घर को एक सुचारू रूप से चलने वाले प्रोजेक्ट या कंपनी की तरह संभालती हैं, अनजान लोगों, रिश्तेदारों, फाइनेंस, टाइम टेबल, मुसीबतों, बाजार और भावनाओं को एक साथ संतुलित करती हैं। इस पर गौर करेंगे तो पाएंगे कि उनकी मैनेजमेंट स्किल्स किसी कॉर्पोरेट कंपनी के सीईओ यानी मुख्य कार्यकारी अधिकारी से किसी मायने में कम नहीं हैं। मां बिना किसी ऐसी डिग्री के एक पूरे संस्थान यानी परिवार और घर को सुचारु रूप से चलाती हैं।

**बजट और वित्तीय योजना:** सीमित संसाधनों में घर को बेहतरीन तरीके से चलाना और भविष्य के लिए बचत करना मांओं को एक कुशल 'फाइनेंसियल मैनेजर और एडवाइजर' बनाता है। वे बिना किसी ट्रेनिंग के घर की 'चीफ फाइनेंसियल ऑफिसर' की तरह काम करती हैं। घर में उपलब्ध संसाधनों का बेहतरीन और अधिकाधिक उपयोग करना मांओं की विशेषता होती है। वे जानती हैं कि बजट कैसे बनाया जाए, आने वाले खर्चों के लिए तैयारी कैसे की जाए और अप्रत्याशित परिस्थितियों के लिए धनराशि कैसे बचाई जाए?



**समझती हैं अपनी प्राथमिकताएं:** सबसे पहले और सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण क्या है, यह एक मां से बेहतर कौन समझ सकता है? मां की दिनचर्या को एक दिन के लिए देखें कि वे प्राथमिकताओं को कैसे निर्धारित करती हैं? वे समझती हैं कि कब किस मुद्दे पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है और कब उसे शांति से टाला जा सकता है? बच्चे का स्वास्थ्य, उसके स्कूल जाने-आने का समय, खाना बनाने और परोसने का टाइम या पारिवारिक संकट हमेशा उनकी प्राथमिकता में होते हैं। घर के सभी कार्य उनकी व्यस्त रूटीन में समायोजित हो जाते हैं। ठीक वैसे ही जैसे कोई माहिर कॉर्पोरेट मैनेजर करता है।

**कई रोल्स में बैलेंस करना:** मां खाना बनाने, साफ-सफाई से लेकर घरेलू कार्यक्रमों का आयोजन करने तक, हर काम को कुशलतापूर्वक संभालती हैं। शादी जैसा बड़ा इवेंट भी वे बखूबी मैनेज कर लेती हैं। वे लगातार अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित रखती हैं और यह सुनिश्चित करती हैं कि परिवार का हित प्रभावित न हो और यह सुचारु रूप से चलता रहे। एक साथ कई भूमिकाएं निभाने और कई प्रतिभाएं, गुण रखने को विशेषज्ञता को पालीमैथ कहा जाता है। मम्मियां इसमें दक्ष होती हैं।

**अच्छी रोल मॉडल:** मांएं अपने परिवार के लिए उदाहरण के तौर पर मौजूद रहती हैं। वे अनुशासन, धैर्य या मेहनत के बारे में सिर्फ किताबी बातें नहीं करतीं, बल्कि हर दिन इसे अपने जीवन में उतारती हैं। उनके बच्चे, पति और सभी परिजन इसे प्रत्यक्ष देखते हैं तो वे प्रेरित होते हैं।

**मल्टी-टास्कर:** मल्टी-टास्किंग के मामले में मम्मियों को दुनिया में सबसे बेहतरीन माना जाता है। एक मां एक ही समय में खाना बना सकती है, बच्चे की पढ़ाई पर नजर रख सकती है और घर के अन्य जरूरी कामों की योजना बना सकती है। मां एक साथ कई भूमिकाएं निभाती हैं जैसे टीचर, कुक, कंसल्टेंट और चीयरलीडर। यह क्षमता उन्हें जटिल परिस्थितियों में भी कार्यकुशल बनाए रखती है।

# प्रॉपर मेकअप से मां दिखेंगी सिंपल-सोबर

मेकअप

सरिता गुप्ता

जिस तरह का मेकअप यंग एज में किया जाता है, वैसा मिड एज में नहीं किया जा सकता है। दरअसल, बढ़ती उम्र के साथ त्वचा में कई बदलाव आने लगते हैं, जैसे झुर्रियां, ढीलापन, ड्रायनेस और पिग्मेंटेशन। ऐसे में मेकअप का तरीका भी बदलना जरूरी हो जाता है। सही मेकअप न केवल चेहरे की कमियों को छिपाता है बल्कि नेचुरल ग्लो भी बढ़ाता है। इस मदर्स-डे पर, अपनी मां को एक नया सिंपल-सोबर लुक देने के लिए आप यहां बताए जा रहे मेकअप स्टेप्स फॉलो करें। यकीन मानिए, आपकी मॉम और भी प्यारी दिखने लगेंगी।

**स्किन केयर से करें शुरुआत:** मेकअप से पहले स्किन को प्रिपेयर करना बहुत जरूरी है। उम्र बढ़ने के साथ स्किन ड्राय होने लगती है। इसलिए सबसे पहले मॉयश्चराइजर का इस्तेमाल जरूर करें। फिर हाइड्रेटिंग सीरम और प्राइमर का उपयोग करें। इसकी मदद से मेकअप स्मूथ लगता है और लंबे समय तक टिका रहता है।



**लाइटवेट फाउंडेशन का करें चुनाव:** हैवी फाउंडेशन झुर्रियों को और उभार सकता है। इसलिए हमेशा लाइटवेट और हाइड्रेटिंग फाउंडेशन का इस्तेमाल करें। बीबी क्रीम या सीसी क्रीम भी अच्छा विकल्प है। इसे स्पंज या ब्रश की मदद से हल्के हाथों से लगाएं ताकि स्किन नेचुरल दिखे।

**कंसीलर का सही इस्तेमाल:** आंखों के नीचे डार्क सर्कल्स को छिपाने के लिए कंसीलर का उपयोग करें, लेकिन बहुत ज्यादा मात्रा में इसे न लगाएं। हल्के हाथों से ब्लेंड करें ताकि फाइन लाइंस में प्रोडक्ट जमा न हो।

**पावडर कम लगाएं:** मेकअप में कम पावडर का इस्तेमाल करें। अधिक पावडर लगाने से चेहरा ड्राय और केकी दिख सकता है। सिर्फ टी-जोन (माथा, नाक और ठोड़ी) पर ही हल्का-सा कॉम्पैक्ट पावडर लगाएं। इस सीजन में ट्रांसलूसेंट पावडर बेहतर रहता है।

**सॉफ्ट-न्यूट्रल आई मेकअप:** बढ़ती उम्र में आई मेकअप को हल्का और सॉफ्ट रखना चाहिए। ब्राउन, पीच या न्यूड शेड्स का इस्तेमाल करें। बहुत ज्यादा ग्लिटर या डार्क शेड्स अप्लाई करने से बचें। आईलाइनर पतला लगाएं और मस्कारा से पलकों को हल्का वॉल्यूम दें। इसके बाद आइब्रो पेंसिल से आइब्रोज को हल्की सी शेप दें।

**नेचुरल ग्लो के लिए ब्लशर:** बढ़ती उम्र में क्रीम ब्लश का इस्तेमाल करना ठीक रहता है क्योंकि यह स्किन को हाइड्रेटेड लुक देता है। पीच या पिंक शेड चेहरे को फ्रेश और यंग लुक देते हैं।

**लिपस्टिक के शेड्स:** डार्क और बहुत ब्राइट कलर्स की बजाय सॉफ्ट शेड्स जैसे रोज, पिंक, पीच या न्यूड शेड्स के लिपिस्टिक का चुनाव करना सही रहता है। लिप्स को पहले मॉयश्चराइज करें और फिर लिपस्टिक लगाएं ।

**हाइलाइटर का कम यूज:** मेकअप के बाद हल्का-सा हाइलाइटर चेहरे को ग्लो देता है। लेकिन इसका ज्यादा इस्तेमाल न करें। सबसे जरूरी बात यह है कि सिंपल और एलिगेंट लुक ही बढ़ती उम्र में सबसे ज्यादा खूबसूरत लगता है।

**(मेकअप आर्टिस्ट प्राची गोयल से बातचीत पर आधारित)**

# मॉम रहेंगी मेंटली हेल्दी

आप जरूर चाहेंगी कि बढ़ती एज में भी आपकी मॉम न केवल फिजिकली बल्कि मेंटली भी हेल्दी रहें। इसके लिए आप क्या उपाय आजमा सकती हैं, कैसे उनकी मेंटल हेल्थ का ध्यान रखें, जानिए।

एडवाइस

डॉ. आरती आनंद
सीनियर क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट
सर गंगाराम हॉस्पिटल, दिल्ली

हर परिवार में मां-बेटी के बीच गहरा भावनात्मक लगाव होता है। ऐसे में जिम्मेदार बेटी होने के नाते आपका यह फर्ज बनता है कि आप अपनी मम्मी के मन की बातों को भी समझें। आपकी कोशिश होनी चाहिए कि वे तनावमुक्त और प्रसन्न रहें।

**मानसिक सेहत पर प्रभाव:** उम्र के पांचवें दशक में प्रवेश करते ही अधिकतर महिलाओं के जीवन में मेनोपॉज की शुरुआत हो जाती है। इस दौरान उनके शरीर में एस्ट्रोजन और प्रोजेस्टेरॉन हार्मोन की मात्रा घटने लगती है। हॉर्मोन संबंधी असंतुलन के कारण महिलाओं को मूड स्विंग की समस्या होती है। वे तनावग्रस्त रहने लगती हैं। उम्र के इस दौर में बच्चों के करियर, विवाह और रिटायरमेंट के बाद पैदा होने वाले खालीपन के बारे में भी सोचकर महिलाएं घबराने लगती हैं।

**कैसे पहचानें लक्षण:** अगर आपकी मम्मी अकसर सुस्त, चिड़चिड़ी और गुमसुम दिखाई दें या उनकी दिनचर्या और व्यवहार में अचानक कोई बड़ा बदलाव नजर आए, मसलन, कम बोलना, लोगों से मिलने-



जुलने से कतराना, एकाग्रता में कमी, निर्णय लेने में घबराहट, रोजमर्रा की छोटी-छोटी बातें भूल जाना, रात में नींद न आना, सिरदर्द, भोजन में अरुचि, यदि ऐसे कोई भी लक्षण नजर आएं तो उन्हें अनदेखा न करें क्योंकि ये डिप्रेशन, स्ट्रेस और एंग्जाइटी जैसी मनोवैज्ञानिक समस्याओं के शुरुआती लक्षण हो सकते हैं। ऐसे में अपनी मां को इमोशनल सपोर्ट देना आपकी जिम्मेदारी है।

**क्या करना चाहिए:** रोजाना नियमित रूप से अपनी मां के साथ बातचीत के लिए समय निकालें। अगर कभी वह उदास नजर आएं तो उनसे उनकी उदासी का कारण पूछकर उसे दूर करने की कोशिश करें। सहजता से धीरे-धीरे उनके साथ दोस्ताना संबंध विकसित करने की कोशिश करें। जहां तक संभव हो घर के कामकाज में उनका हाथ बंटाएं। रोजाना सुबह जल्दी उठकर उनके साथ योग और मेडिटेशन करें। इससे ब्रेन में एंडोर्फिन नामक हार्मोन रिलीज होता है, जो खुशी का एहसास दिलाने के साथ अच्छी नींद लाने में भी मददगार होता है। इस बात का भी ध्यान रखें कि कहीं आपकी मम्मी को थायरॉइड की समस्या तो नहीं है, उनके शरीर में विटामिन-डी और विटामिन-बी-12 का स्तर सही तो है न? कई बार इनकी कमी के कारण भी महिलाओं को डिप्रेशन और एंग्जाइटी जैसी मनोवैज्ञानिक समस्याएं परेशान करती हैं। अकेलापन सभी मनोवैज्ञानिक समस्याओं की सबसे बड़ी वजह है, इसलिए उन्हें उनकी रुचि से जुड़ी किसी भी गतिविधि जैसे कीर्तन, सत्संग या किटी पार्टी में शामिल होने के लिए प्रेरित करें। किसी वीकेंड पर उन्हें अपने साथ शॉपिंग पर या डिनर के लिए लेकर जाएं। इस उम्र में महिलाओं की घरेलू जिम्मेदारियां सीमित हो जाती हैं, ऐसे में उन्हें खालीपन महसूस होने लगता है। इस समस्या से बचाव के लिए उन्हें उनकी उन हॉबीज की याद दिलाएं। उन्हें जो भी कार्य पसंद हो, उसकी दोबारा से शुरूआत करें। ऐसी रचनात्मक सक्रियता से वह हमेशा तनावमुक्त और खुश रहेंगी।



प्रस्तुति: विनीता

### 6 को नामांकन पत्रों की होगी जांच, नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 7 मई

# बीसीसीआई चुनाव के लिए टीम प्रोग्रेसिव फ्रंट ने भरे नामांकन

**आवश्यक हुआ तो मतदान 11 मई को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक होगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़


बहादुरगढ़। बीसीसीआई में नामांकन दाखिल करने पहुंची टीम प्रोग्रेसिव फ्रंट। फोटो : हरिभूमि

शहर की सबसे पुरानी औद्योगिक संस्था बहादुरगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (बीसीसीआई) के चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। सोमवार को उद्योगपतियों ने टीम प्रोग्रेसिव फ्रंट का गठन कर एमआईई में स्थित बीसीसीआई सभागार में सामूहिक रूप में नामांकन पत्र दाखिल किया। बता दें कि हरियाणा रजिस्ट्रेशन ऑफ सोसायटीज एक्ट/रूल्स 2012 तथा चैंबर के उपनियमों के तहत चुनाव करवाए जा रहे हैं। चुनाव निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए पीके बंसल को रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। तय कार्यक्रम के अनुसार 13 अप्रैल को सदस्यों की प्रारंभिक सूची जारी की गई थी। अंतिम मतदाता सूची 1 मई को प्रकाशित हुई। रविवार 3 मई से नामांकन फार्म वितरण शुरू हुआ था। सोमवार को नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई। प्रवीण गर्ग ने कहा कि टीम प्रोग्रेसिव फ्रंट उद्योगों तथा उनमें कार्यरत कर्मचारियों के समग्र विकास के लिए निस्वार्थ भाव से दिन-रात कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है। टीम प्रोग्रेसिव फ्रंट में प्रवीण गर्ग, विपिन बजाज, सुशील गोयल, केदार सिंह भदौरिया, सतीश अग्रवाल, सुरेंद्र वशिष्ठ, विजय गुप्ता, एससी शारदा, पुरुषोत्तम गोयल, सुनील शर्मा, राजेश गर्ग, अभिषेक, अशोक कुमार, अंकुर, प्रदीप कौल, तिलक राज गर्ग, दीपक शर्मा, एडवोकेट बलबीर सिंह, विनोद गुप्ता, नवल गर्ग, पवन लाकड़ा, सुनील गर्ग, सीए अनिल गुप्ता, सुरेश जैन, दलीप कौल, संजय जैन, मोहन लाल मनोचा, केशव जैमिनी, अजय अरोरा, पवन लाकड़ा, विवेक खुलकर, शुभम ओझा, रवि चमड़िया, कपिल गर्ग व अशोक रेड्डू आदि शामिल हैं।

**5 मई को शाम 5 बजे तक अपने नामांकन पत्र जमा कर सकेंगे**

5 मई को शाम 5 बजे तक अपने नामांकन पत्र जमा कर सकेंगे। बुधवार 6 मई को नामांकन पत्रों की जांच (स्क्रूटनी) की जाएगी और उसी दिन वैध उम्मीदवारों की सूची नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित की जाएगी। नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 7 मई है। चुनाव मैदान में रहने वाले प्रत्याशियों की सूची तथा चुनाव चिह्न भी 7 मई को ही जारी किए जाएंगे। यदि आवश्यक हुआ तो मतदान 11 मई को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक कराया जाएगा। मतदान समाप्ति के बाद उसी दिन मतगणना होगी और परिणाम घोषित किए जाएंगे। चैंबर के चुनाव स्थानीय व्यापारिक समुदाय के लिए महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि नई गवर्निंग बॉडी आने वाले वर्षों में व्यापार, उद्योग और उद्यमियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर नेतृत्व प्रदान करेगी।

# साइबर ठगों व बदमाशों का नंबर ब्लॉक करेगी अभेद्य एप


झज्जर। मीटिंग के दौरान अभेद्य एप की जानकारी देते हुए पुलिस कमिश्नर डॉक्टर राजश्री सिंह। फोटो : हरिभूमि

- पेट्रोल पंप और निजी स्कूल संचालकों की विशेष मीटिंग में पुलिस कमिश्नर ने चेताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

सोमवार को पुलिस कमिश्नर कार्यालय में पेट्रोल पंप और निजी स्कूल संचालकों की विशेष मीटिंग का आयोजन किया गया। डॉक्टर राजश्री सिंह ने बताया कि वर्तमान समय में थ्रेट एवं एक्सटॉर्शन कॉल के मामले सामने आ रहे हैं, जिनसे सतर्क रहना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि आजकल इंटरनेट आधारित फर्जी कॉल, वीओआईपी एवं इंटरनेशनल नंबरों के माध्यम से धोखाधड़ी के मामले बढ़ रहे हैं। अपराधी लोगों को डराकर या झूठी धमकियां देकर पैसे ऐंठने का प्रयास करते हैं। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति या उसके परिवार को इस प्रकार का कोई धमकी भरा कॉल आता है या इसकी आशंका होती है, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। साथ ही अनजान नंबरों से आई कॉल पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी साझा न करने, संदिग्ध कॉल को नजरअंदाज करने तथा आवश्यक होने पर कॉल रिकॉर्ड करने की सलाह दी गई। उन्होंने हरियाणा पुलिस की अभेद्य एप के बारे में बताया कि यह एक आधुनिक, तकनीकी आधारित मोबाइल सुरक्षा एप्लीकेशन है। जिसे हरियाणा पुलिस द्वारा नागरिकों की सुरक्षा के लिए विकसित किया गया है। यह देश की पहली ऐसी उन्नत सुरक्षा व्यवस्था है, जो साइबर अपराध नियंत्रण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसका मुख्य उद्देश्य नागरिकों को साइबर अपराध, रंगदारी कॉल, वीओआईपी, इंटरनेशनल कॉल और डिजिटल धोखाधड़ी से सुरक्षित रखना है। इस एप के माध्यम से संदिग्ध कॉल और मैसेज की पहचान कर उन्हें स्वतः ब्लॉक किया जाता है। साथ ही ऐसे कॉल का डेटा तुरंत पुलिस तक पहुंच जाता है, जिससे आरोपियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई संभव हो पाती है।

## खबर संक्षेप



### एसडीएम ने सुनीं समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं

**बेरी।** सोमवार को उपमंडल स्तरीय समाधान शिविर में एसडीएम रेणुका नांदल ने लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को समस्याओं के जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि जो शिकायतें दोबारा खुली हैं, उनके कारणों की जांच की जाए और उनका गुणवत्तापूर्ण निपटान किया जाए। उन्होंने कहा कि विभागाध्यक्ष स्वयं ऐसी शिकायतों पर संज्ञान लें और शिकायतकर्ता की संतुष्टि को ध्यान में रखते हुए समाधान करवाएं ताकि वही शिकायत दोबारा न खुले।



### शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंपा

**झज्जर।** जेएलएन नहर में ढाकला निवासी युवक की पानी में डूबने से हुई मौत के मामले में सोमवार को मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया गया। मामले के जांच अधिकारी सुखपाल ने बताया कि जिले के गांव ढाकला निवासी बीस वर्षीय साहिल पुत्र ब्रह्मप्रकाश रविवार की दोपहर करीब तीन बजे अपने तीन अन्य साथी रवि, मयंक व दीपक के साथ नहर में नहाने के लिए भूरावास गया था। यहां जब वह दोस्तों के साथ नहा रहा था तो अचानक वह तेज बहाव में बह गया। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस मौके पर पहुंची तथा रोहतक से गोताखोर बुलाए गए। इसके बाद करीब ढाई-तीन घंटे की मशक्कत के बाद देर शाम करीब साढ़े सात बजे बाद नहर से साहिल का शव बरामद हुआ। उन्होंने बताया कि मृतक के पिता के बयान के आधार पर इत्तफाकिया कार्रवाई अमल में लाई गई है। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।



### प्रत्येक शिकायत का तय समय में समाधान करें अधिकारी

**झज्जर।** जिला मुख्यालय स्थित लघु सचिवालय सभागार में सोमवार को आयोजित समाधान शिविर में डीसी स्वप्निल रविन्द्र पाटिल ने आमजन की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को अविलंब समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध, पारदर्शी एवं संतोषजनक निपटारा सुनिश्चित किया जाए। शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित लगभग आधा दर्जन शिकायतें दर्ज की, जिन पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश मौके पर ही दिए गए। उन्होंने कहा कि समाधान शिविरों का उद्देश्य आम नागरिकों को एक ही स्थान पर उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान उपलब्ध करवाना है ताकि उन्हें विभिन्न कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।



### उपचुनाव को लेकर पोलिंग पार्टियों को दिया प्रशिक्षण

**झज्जर।** जिले में आगामी दस मई को होने वाले पंचायती राज संस्थाओं और झज्जर नगर परिषद वार्ड 13 के उपचुनाव में मतदान प्रक्रिया संपन्न करवाने के लिए सोमवार को संवाद भवन में पोलिंग पार्टियों को ईवीएम मशीन की बारीकियां समझाई गईं। ईवीएम मास्टर ट्रेनरों ने सभी पोलिंग पार्टियों को उनके प्रत्येक कार्य और जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। एसडीएम बादली विशाल कुमार ने कहा कि पोलिंग पार्टियां जरा सी भी चूक न करें, सभी पोलिंग अधिकारी अपनी जिम्मेदारी को गंभीरता को समझें। उन्होंने कहा कि पीओ हैंडबुक में वे सारी हिदायतें व नियम स्पष्ट रूप से दर्शाए गए हैं जिनकी जानकारी सभी पीओ और एपीओ को होना जरूरी है। उन्होंने अधिकारियों को मतदान केंद्र की कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट की जांच, मॉक पोल, मतदान सामग्री प्राप्त करना, मिलान करना व मतदान सामग्री की जांच करने की विधि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने कर्मियों को सामग्री प्राप्त करने में बरतने वाली सावधानियां, बूथ पर बैठने की व्यवस्था, मतदान की प्रक्रिया, सील करने की प्रक्रिया, सभी तरह के मतदान में प्रयुक्त, अनप्रयुक्त पेपर सील करने का तरीका, पीओ के कार्य दायित्व के बारे में समग्रता से बताया गया।

### जिले में मकान सूचीकरण का कार्य 2185 ब्लॉकों में किया विभाजित



*झज्जर। जनगणना 2027 के पहले चरण के तहत जिले में मकान सूचीकरण का कार्य शुरू हो गया है। इस दौरान घर-घर पहुंचकर परिवारों से 33 महत्वपूर्ण सवालों की जानकारी जुटाई जा रही है। यह कार्य आगामी 30 मई तक संचालित किया जाएगा। जिलाभर में जनगणना कार्य में लगे कर्मचारी लग्न के साथ कार्य में जुटे हुए हैं। डीसी एवं प्रधान जनगणना अधिकारी स्वप्निल रविन्द्र पाटिल ने बताया कि जनगणना का उद्देश्य देश की जनसंख्या, सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति से संबंधित अद्यतन आंकड़े संकलित करना है, जिससे विकास योजनाओं के निर्माण एवं क्रियान्वयन में सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि जिले में मकान सूचीकरण का कार्य 2185 ब्लॉकों में विभाजित किया गया है, जहां घर-घर जाकर जानकारी एकत्रित की जाएगी। इसके लिए प्रगणकों की नियुक्ति की गई है, जो सीधे नागरिकों से संपर्क कर आवश्यक जानकारी जुटाएंगे। वहीं, इन कार्यों की निगरानी और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए पर्यवेक्षकों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।*

# युवाओं को किया नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक



**झज्जर।** जिला पुलिस की अलग-अलग टीमें शैक्षणिक संस्थाओं और डोर टू डोर जाकर युवाओं व आमजन को नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक कर रही है। एएसआई पवन कुमार की टीम ने रेडक्रॉस ऑफिस में युवाओं को नशे के दुष्प्रभाव, यातायात नियमों और डायल 112 के बारे में जागरूक किया। उन्होंने युवाओं को बताया कि नशा समाज के लिए गंभीर समस्या है। इसे मिटाने के लिए जन आंदोलन की आवश्यकता है जब समाज का प्रत्येक व्यक्ति अपने गांव, मौहल्ला तथा वार्ड की जिम्मेदारी लेगा और न ही स्वयं नशा करेगा और ना ही अपने क्षेत्र में नशे को बिकने देगा तभी हम अपने क्षेत्र से नशे को दूर भगाने में कामयाब होंगे। युवा नशे की चपेट में आकर अपराध की तरफ बढ़ रहा है इसलिए माता-पिता को भी अपने बच्चों की दैनिक गतिविधि पर ध्यान रखना चाहिए और उन्हें शिक्षा खेलकूद तथा सामाजिक हित की गतिविधियों में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करना चाहिए।

### डीसी ने खरीद एजेंसियों को किसानों का समय पर भुगतान करने के दिए निर्देश


झज्जर। अनाज मंडी परिसर में लिफ्टिंग कार्य में जुटे श्रमिक।

**झज्जर।** जिले की मंडियों व खरीद केंद्रों पर उपज का उठान कार्य प्रगति पर है। डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने कहा कि अब तक जिले में गेहूं की 2 लाख 35 हजार 785 मीट्रिक टन की आवक दर्ज की गई है, जबकि 2 लाख 13 हजार 484 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हो चुकी है। उन्होंने खरीद एजेंसियों को निर्देश दिए हैं कि किसानों को समय पर भुगतान किया जाए ताकि उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना न करना पड़े। उन्होंने एजेंसियों व अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि लिफ्टिंग कार्य में तेजी लाई जाए ताकि मंडियों में जगह की कमी न हो और नई फसल की आवक बाधित न हो। उन्होंने बताया कि अब तक 1 लाख 72 हजार 454 मीट्रिक टन गेहूं उपज का उठान किया जा चुका है।

### मीट विक्रेताओं ने विधायक राजेश जून को सौंपा ज्ञापन

**बहादुरगढ़।** नगर परिषद द्वारा शहर में मीट की दुकानों को सील किए जाने के बाद प्रभावित मीट विक्रेताओं ने एकजुट होकर विधायक राजेश जून को ज्ञापन सौंपकर दुकानों को दोबारा खुलवाने की मांग की। मीट विक्रेताओं ने बताया कि नगर परिषद की कार्रवाई के चलते उनका रोजगार पूरी तरह ठप हो गया है। उनके परिवारों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने प्रशासन से जल्द राहत देने और दुकानों को खोलने की अनुमति देने की मांग की। विधायक राजेश जून ने सभी मीट विक्रेताओं की समस्याओं को गंभीरता से सुना और कहा कि जल्द उचित समाधान निकालने का प्रयास करेंगे।


बहादुरगढ़। विधायक राजेश जून को ज्ञापन सौंपते मीट विक्रेता।

### खिलाड़ियों पर मैदान की सफाई का दबाव बनाया, एसडीएम कार्यालय पहुंचे अभिभावक


झज्जर। एसडीएम कार्यालय बेरी के बाहर उपस्थित अभिभावक। फोटो : हरिभूमि

**झज्जर।** खिलाड़ियों को खेल की बजाय मैदान में पड़ी शराब की खाली बोतल उठाने का दबाव बनाए जाने से रोषित अभिभावक सोमवार को एसडीएम से मिलने पहुंचे। एसडीएम से मिलकर अभिभावकों ने नगर पालिका बेरी चेयरमैन पर आरोप लगाया कि चेयरमैन द्वारा कर्मचारियों की बजाय उनके बच्चों पर ग्राउंड में पड़ी शराब की खाली बोतलें उठाने का दबाव बनाया जा रहा है। जब बच्चों व उनके कोच ने मना किया तो चेयरमैन द्वारा बात नहीं मानने पर कोच की बदली कराने की धमकी भी दी गई। अपने बच्चों के साथ एसडीएम कार्यालय पहुंचे अभिभावक धर्मपाल, नफे सिंह, राकेश, मदनलाल, अनूप सिंह, मंदीप, नरेंद्र, नवीन, रिसाल सिंह, पूजा, आशा, पिंकी, प्रीत, कांता, ऊषा रानी, कलावती, गीता, शीतल, पूनम, कांता, संजीव, कुमार, रणबीर, मनीष, विशाल, सुंदर, राजबीर सिंह ने एसडीएम को लिखे पत्र में कहा है कि उनके बच्चे बॉक्सिंग सीखते हैं। कोच की बदली न करने की मांग करते हुए अभिभावकों ने कहा कि कोच द्वारा सिखाने के सही तरीके और उचित मार्गदर्शन के चलते जहां बच्चों की प्रतिभा में निखार आ रहा है वहीं कई बच्चे राज्य स्तर पर भी पुरस्कार ले चुके हैं।

# समिति ने बच्चों को कॉपी-पैन बांटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

सोमवार को संत कबीर बस्ती संघर्ष समिति द्वारा कॉलोनी में पढ़ने वाले बच्चों को कॉपी पैन बांटे। समिति अध्यक्ष प्रदीप कुमार ने बताया कि इससे गरीब परिवारों को मदद मिलेगी। इस मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष राजेश अटकान, समिति सलाहकार कर्मबीर पप्पू, समिति सदस्य राजेश किराड़ आदि मौजूद रहे।


बहादुरगढ़। बच्चों को कॉपी पैन देते संत कबीर बस्ती संघर्ष समिति के पदाधिकारी।

### एनटीपीसी के ठेका श्रमिकों के लिए मेडिकल पॉलिसी लागू करने की मांग

**झज्जर।** अनुबंधित श्रमिक संघ द्वारा एनटीपीसी झाड़ली में ठेका श्रमिकों के लिए मेडिकल पालिसी सुविधा लागू कराने की मांग की है। अनुबंधित श्रमिक संघ के महासचिव संदीप रोहिल्ला ने एनटीपीएस प्लांट में कार्यरत ठेका श्रमिकों के ईएसआई दायरे से बाहर होने पर चिंता जताई। संघ के अनुसार हजारों श्रमिक बिना किसी स्वास्थ्य सुविधा के काम कर रहे हैं। संगठन द्वारा पिछले करीब एक वर्ष से मेडिकल पॉलिसी की मांग की जा रही है लेकिन अभी तक मैनेजमेंट द्वारा कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई। श्रमिक अपने व अपने परिवार के अन्य सदस्यों के दुर्घटनाग्रस्त होने या फिर किसी गंभीर बीमारी में पॉलिसी व रुपयों के अभाव में अपना उपचार सही तरीके से नहीं करा पाते। हाल ही में एएचपी ऑपरेशन के श्रमिक अमित कुमार घर पर हुई गैस लीकेज के कारण बुरी तरह से झुलस गया। मेडिकल पॉलिसी न होने के कारण वह अपना उपचार कराने में असमर्थ है। इसलिए मैनेजमेंट को चाहिए कि वह उसके उपचार का खर्च उठाए। श्रमिक संघ द्वारा कहा गया है कि यदि पीड़ित श्रमिक के साथ कोई अनहोनी होती है तो उसकी जिम्मेदारी एनटीपीसी मैनेजमेंट की होगी।

**सूचना**

मैं, अनुज गुप्ता पुत्र श्री कृष्ण गुप्ता, निवासी मकान नंबर 6/206, टीचर कॉलोनी, बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा-124507, बयान करता हूं कि मेरी अपनी मकान/संपत्ति की रजिस्ट्री दस्तावेज संख्या 9779 दिनांक 06/03/2009, जो उप-पंजीयक कार्यालय बहादुरगढ़ में पंजीकृत है, बहादुरगढ़ क्षेत्र में कहीं गुम हो गई है। इस संबंध में प्राथमिकी संख्या 132570072600564 दिनांक 18/02/2026 थाना शहर बहादुरगढ़ में दर्ज करवाई गई है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त दस्तावेज प्राप्त हो या किसी प्रकार की आपत्ति हो, तो कृपया उपरोक्त पते पर संपर्क करें अथवा दस्तावेज उपलब्ध करवाएं।

**कार्यालय नगर परिषद, बहादुरगढ़।**
**नोटिस आम जनता**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सरला देवी (पत्नी), विश्वजीत (पुत्र), शालिनी (पुत्री), नलिनी (पुत्री) व विक्रम (पुत्र) पुत्र/पति/पत्नी स्व. राजेश कुमार निवासी किल्ला मौहल्ला बहादुरगढ़ द्वारा Online NDC Portal Property ID No. 3BGCAME3 वार्ड नंबर-15 कॉलोनी किल्ला मोहल्ला, जो कि नगर परिषद बहादुरगढ़ प्रॉपर्टी टैक्स रिकार्ड में राजेश कुमार के नाम दर्ज है। राजेश कुमार की मृत्यु उपरांत अब नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकार्ड में उक्त ID No. पर प्रार्थी के द्वारा वसीयत/वारसान प्रमाप पत्र के आधार पर अपना नाम तब्दील करवाना चाहते हैं, जिसकी वसीयत/वारसान प्रमाण पत्र तहसीलदार बहादुरगढ़ द्वारा तसदीक/तसदीक नहीं की गई है।
अतः आम व खास को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त संपति नंबर-3BGCAME3 वार्ड नंबर-15 कॉलोनी किल्ला मोहल्ला पर यदि कोई अन्य हकदार है या उक्त संपति पर किसी को आपत्ति है तो वह सबूतों सहित इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिन के अंदर अंदर नगर परिषद बहादुरगढ़ कार्यालय में आकर अपना दावा पेश करें। अन्यथा इस नोटिस का समय समाप्त होने पर यह संपति नंबर-3BGCAME3/ 88 वर्ग गज प्रार्थी सरला देवी (पत्नी), विश्वजीत (पुत्र), शालिनी (पुत्री), नलिनी (पुत्री) व विक्रम (पुत्र) पुत्र/पति/पत्नी स्व. राजेश कुमार के नाम से नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकार्ड में दर्ज कर दी जाएगी। जिसमें नगर परिषद बहादुरगढ़ की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

हस्ता- कार्यकारी अधिकारी
नगर परिषद बहादुरगढ़।

### महाराष्ट्र के संभाजी नगर में आयोजित हुई सब जूनियर नेशनल कुश्ती चैंपियनशिप

# साहिल व सक्षम पहलवान ने महाराष्ट्र में जीते मेडल

**अखाड़े में पहुंचने पर इन दोनों पहलवानों का साथी पहलवानों ने जोरदार अभिनंदन किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

महाराष्ट्र के संभाजी नगर में बीते दिनों हुई सब जूनियर नेशनल कुश्ती चैंपियनशिप में बुपनिया स्थित जयवीर अखाड़े के पहलवान छाए रहे। शानदार प्रदर्शन के बल पर यहां के दो पहलवानों ने चैंपियनशिप में मेडल जीते। अखाड़े के पहलवान साहिल ने 55 किलोग्राम भारवर्ग फ्री स्टाइल में जोर आजमाइश करते हुए जबरदस्त प्रदर्शन के बल पर गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया। इसी तरह सक्षम ने 92 किलोग्राम फ्री स्टाइल में दमखम का परिचय देते हुए सिलवर मेडल जीता। इनकी जीत पर परिजनों और कुश्ती प्रेमियों में खुशी की लहर दौड़ गई। अखाड़े में पहुंचने पर इन दोनों पहलवानों का साथी पहलवानों ने जोरदार अभिनंदन किया। कुश्ती प्रेमियों ने उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। कोच जयवीर ने कहा कि दोनों पहलवान बेहद होनहार हैं। सक्षम गांव बराही से है और इससे पहले अंडर 15 एशिया चैंपियनशिप में सिलवर मेडल जीत चुका है। जबकि बुपनिया गांव के सक्षम ने नेशनल में पहली बार मेडल जीता है। पिछले कुछ वर्षों से ये दोनों पहलवान उनके पास अभ्यास कर रहे हैं। एक दिन बड़े स्तर पर देश के लिए मेडल जीतेंगे।


बहादुरगढ़। कोच और कुश्ती प्रेमियों के साथ मेडल विजेता पहलवान। फोटो : हरिभूमि

## झज्जर में सफाई कर्मचारियों व डीएमसी के बीच विवाद ने तूल पकड़ा

# हड़ताली कर्मियों के डीएमसी पर दुर्व्यवहार के आरोप, कार्यालय में नहीं घुसने दिया

नप परिसर के बाहर ही ईओ व अन्य कर्मियों से बातचीत कर चले गए डीएमसी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| झज्जर



झज्जर। नगर परिषद के गेट पर बैठे हड़ताली कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

लंबित मांगों को लेकर हड़ताल पर बैठे सफाई कर्मचारियों व डीएमसी के साथ बीते शनिवार को हुए विवाद मामले ने उस समय तूल पकड़ लिया जब सफाई कर्मियों ने डीएमसी अविनाश सिवाच को सोमवार कार्यालय में नहीं घुसने दिया। कर्मचारी नगर परिषद के मुख्य गेट पर बैठे रहे। इसके बाद डीएमसी ने पुलिस को शिकायत दी। इस संबंध में नगर परिषद सफाई कर्मचारी संघ के इकाई प्रधान शिवम चावरिया ने बताया कि वे बीती एक मई से पूर्ण हड़ताल पर हैं। हड़ताल के दौरान ही शनिवार को तेज गर्मी से बचने के लिए जब कुछ महिला सफाई कर्मी परिषद कार्यालय के अंदर बैठ कर खाना खा रही थी तो डीएमसी ने न केवल वहां चल रहे पंखे बंद करा दिए बल्कि अधिकारियों से कर्मचारियों को बाहर निकालने के निर्देश भी दिए। कर्मचारियों ने कहा कि डीएमसी द्वारा किए गए इस दुर्व्यवहार के बाद कर्मचारियों में रोष व्याप्त है।

डीएमसी ने अधिकारियों से नप कार्यालय के बाहर ही फाइल मंगवाकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और वे वापिस लौट गए। इसके बाद एसएचओ सरिता ने भी हड़ताल कर रहे कर्मचारियों के पास पहुंच कर उनसे मामले की जानकारी ली।

**ये रहे उपस्थित :** हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों में ऑडिटर कृष्ण, सह सचिव बबली, महिला उपप्रधान कमलेश, प्रचार सुचारक मनीषा, विजय, नरेंद्र, अनिल, सुरेश, विजय, उषा, सुशीला, सुमित्रा, शीतल, नीलम, जगवंती, किरण, अंजू, रानी, संदीप, सुनील, मुकेश, विनोद गुर्जर, दुष्यंत सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### सफाई व्यवस्था पर पड़ रहा विपरीत असर

उधर, सफाई कर्मियों की पूर्ण हड़ताल का असर शहर की सफाई व्यवस्था पर भी पड़ रहा है। शहर की गलियों, मेन बाजार व मुख्य चौक-चौराहों पर जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। हालांकि नगर परिषद द्वारा शहर के डंपिंग प्वाइंट से कूड़े का उठान किया जा रहा है, लेकिन फिर भी सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है।



झज्जर। नगर परिषद के बाहर अधिकारियों से बात करते हुए डीएमसी।



बहादुरगढ़। सफाईकर्मियों को समर्थन देते भूपेंद्र राठी। फोटो : हरिभूमि

### हड़ताल पर बैठे सफाईकर्मियों को धरना स्थल पर इनेलो का समर्थन

**बहादुरगढ़।** विभिन्न मांगों को लेकर हड़ताल पर गए नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों को इनेलो ने समर्थन देने का ऐलान किया है। इनेलो नेता भूपेंद्र राठी के अनुसार कर्मचारियों की मांगें पूरी तरह न्यायसंगत हैं और सरकार को बिना देरी इन्हें स्वीकार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्षों से सेवा दे रहे कच्चे कर्मचारियों को स्थायी न करना उनके साथ अन्याय है।

बता दें कि सफाई कर्मचारी रोजाना नगर परिषद के गेट पर धरना दे रहे हैं। ये फरीदाबाद में हादसे के दौरान जान गंवाने वाले अग्निशमन कर्मचारियों को शहीद का दर्जा व उनके परिवारों को आर्थिक मदद देने, झज्जर में हड़ताल के दौरान तबीयत बिगड़ने से जान गंवाने वाले सफाई कर्मचारी के परिवार को 50 लाख व नौकरी देने तथा ठेका प्रथा बंद करने की मांग उठा रहे हैं। कर्मचारी नेता राजेंद्र और राजेश सहित अन्य का कहना है कि चार दिन से हड़ताल जारी है लेकिन सरकार सुनवाई नहीं कर रही। ये हमारे हक और पेट की लड़ाई है, हम पीछे नहीं हटेंगे। जरूरत पड़ी तो हड़ताल अनिश्चिकालीन की जाएगी। सफाईकर्मियों को समर्थन देने पहुंचे भूपेंद्र नफे सिंह राठी ने कहा कि इनेलो कर्मचारियों के हक दिलाने के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगी। उन्होंने ठेका प्रथा बंद करने, पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग की। इस मौके पर इनेलो शहरी जिलाध्यक्ष रामनिवास सैनी, पार्षद बिजेंद्र दलाल, सज्जन सैनी, राज सिंह वर्मा, मास्टर सुखबीर सरोहा, एडवोकेट विपिन प्रधान व देवेंद्र दहिया आदि मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी



बहादुरगढ़। भाजपा की जीत पर लड्डू बांटते दिनेश कौशिक व अन्य।

### भाजपा की जीत पर दिनेश कौशिक ने बांटे लड्डू

बहादुरगढ़। असम, पश्चिम बंगाल और पुडुचेरी में भाजपा की जीत और बढ़त के बाद बहादुरगढ़ में भी भाजपा कार्यकर्ताओं ने जीत की खुशी मनाई। सेक्टर-2 स्थित दिनेश कौशिक के कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने एकत्रित होकर जश्न मनाया। ढोल-नगाड़ों के साथ नारे लगाए और लड्डू बांटे गए। भाजपा नेता दिनेश कौशिक ने कहा कि यह जीत पीएम नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी नीतियों और विकास कार्यों की जीत है। कार्यकर्ता इसी तरह मेहनत करते रहें और सरकार की योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाएं। इस अवसर पर मार्केट कमेटी चेयरमैन विनोद कौशिक, प्रदीप गुप्ता, मंडल अध्यक्ष संजय सैनी, महावीर दलाल, सुदेश रंगा, पंकज गर्ग, रणजीत दहिया, टिनू शर्मा, धर्मबीर राव, राजू जून, इंदू बागड़ी, निशा, प्रेम राणा व दलेल काजला आदि ने भाजपा की जीत पर जश्न मनाया।



बहादुरगढ़। दिल्ली रोहतक रोड पर मिठाई बांटती सरोज राठी व अन्य।

### चेयरपर्सन सरोज राठी ने बांटी मिठाई

बहादुरगढ़। पश्चिम बंगाल, पुडुचेरी और असम में भाजपा की प्रचंड जीत पर नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी ने अपने कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ लड्डू बांटकर जश्न मनाया और एक-दूसरे को बधाई दी। सरोज राठी ने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन आदि के मार्गदर्शन के साथ ही कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन कर्मबीर राठी, रमेश राठी, पार्षद सविता सैनी, राजेश तंवर, राजेश सैनी, मनमोहित गुप्ता, भरत सिंह छिल्लर, हेमचंद्र, जगबीर रुहिल, रितिक, मुकेश, जयभगवा, जतिन, जगबीर, पप्पू, सतीश शर्मा, संदीप कुमार, संजय राठी, सुमित बराही, दलजीत दलाल, मुकेश जून, हिमांशु राठी, कृष्णा, संदीप दलाल, मोहन राठी, नारायण यादव आदि मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। भाजपा की जीत की खुशी में लड्डू बांटते डॉ पंकज जैन।

### जनता के विश्वास की हुई जीत : डॉ. पंकज जैन

बहादुरगढ़। पश्चिम बंगाल, आसाम व पुडुचेरे में भाजपा को मिली ऐतिहासिक जीत की खुशी वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ पंकज जैन ने कार्यकर्ताओं के साथ मनाई। उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ लड्डू बांटकर अपनी खुशी का इजहार किया। साथ ही भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के समर्थन में नारे लगाए। डॉ पंकज जैन ने कहा कि यह जीत केवल एक चुनावी परिणाम नहीं, बल्कि जनता के विश्वास और परिवर्तन की चाह का प्रतीक है। पीएम नरेंद्र मोदी के कुशल और दूरदर्शी नेतृत्व में देशभर की जनता भाजपा के साथ मजबूती से खड़ी है। अब भाजपा सरकार पश्चिम बंगाल में सुशासन, पारदर्शिता और विकास को प्राथमिकता देते हुए सभी वर्गों के कल्याण के लिए काम करेगी।

### जीत की खुशी में अनिल खत्री ने बांटी झालमुड़ी

बहादुरगढ़। हरियाणा ओलम्पिक एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अनिल खत्री ने झालमुडी और लड्डू बांटकर पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में भाजपा की जीत की खुशियां मनाई। उनके अनुसार यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन की रणनीति और भाजपा कार्यकर्ताओं की सतत मेहनत का परिणाम है। इस मौके पर सुनील खत्री, बलवान कादयान, सत्यनारायण शर्मा, एनआरआई अनिल शर्मा व अभिषेक आदि ने कहा कि जनता ने भाजपा के विकास मॉडल पर मुहर लगाई है।



बहादुरगढ़। लोवा खुर्द गांव के सरकारी स्कूल में लगवाए वाटर कूलर के साथ कृष्ण जून। फोटो : हरिभूमि

### भाई की याद में स्कूल में लगवाया वाटर कूलर

बहादुरगढ़। कांग्रेस नेता डॉ. कृष्ण जून ने अपने बड़े भाई स्व. देवेंद्र जून की प्रथम पुण्यतिथि पर अपने गांव लोवा खुर्द के प्राइमरी स्कूल में बच्चों के लिए वाटर कूलर लगवाया। साथ ही स्कूल स्टाफ को स्कूल की जरूरत के लिए आगे भी सेवा करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर उनके माता-पिता, सुदर्शन मास्टर, मोना जून व हरबीर जून आदि मौजूद रहे। डॉ कृष्ण जून ने बताया कि प्यासे को पानी पिलाने से अच्छी कोई सेवा नहीं हो सकती। बुजुर्गों की इसी बात को ध्यान में रखते हुए उन्होंने बड़े भाई की याद में ये कूलर स्कूल में लगवाया है।



बहादुरगढ़। कांस्य पदक जीतने वाली टीम पदाधिकारियों के साथ।

### हरियाणा ने जीता कांस्य पदक

बहादुर। चंडीगढ़ स्थित पंजाब विश्वविद्यालय में हुए पांचवें भारतीय पारंपरिक खेल एवं खेल महोत्सव में हरियाणा ऐनबॉल टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल किया। प्रतियोगिता में देशभर के आठ राज्यों के 100 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। हरियाणा की टीम सेमीफाइनल तक पहुंची। अंडर-18 और अंडर-14 दोनों वर्गों में उत्तराखंड चैंपियन रहा। जबकि गुजरात उपविजेता बना। हरियाणा ऐनबॉल एसोसिएशन के संरक्षक करण राठी के मार्गदर्शन और कोच मनदीप कौर की मेहनत से खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया।



झज्जर। समूह में बैठकर प्रमुख खबरों पर चर्चा करते हुए विद्यार्थी।

# कलम की ताकत तलवार से भी बड़ी : डॉ. महिपाल

■ संस्कारम पब्लिक स्कूल खातीवास में विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| झज्जर

संस्कारम पब्लिक स्कूल खातीवास में विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस से उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने विविध गतिविधियों के माध्यम से लोकतंत्र के चौथे स्तंभ मीडिया की महत्ता को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों द्वारा समाचार पत्रों के वाचन से हुई, जहां उन्होंने समूह में बैठकर देश-दुनिया की प्रमुख खबरों पर चर्चा की और संपादक की भूमिका को समझा। विद्यार्थियों ने मंच से लोकतंत्र और अभिव्यक्ति की आजादी पर प्रभावशाली वक्तव्य पेश किए। विशेष रूप से द अनचेंड पेन कविता के माध्यम से विद्यार्थियों ने संदेश दिया कि एक निष्पक्ष कलम कभी झुकती नहीं है। स्कूल परिसर में एक विशेष न्यूज कॉर्नर भी बनाया गया जहां विद्यार्थियों ने अपनी स्वरचित कविताएं और लेख प्रदर्शित किए। संस्था के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने अपने संदेश में कहा कि प्रेस समाज का वह मजबूत आईना है, जो हमें हकीकत से रूबरू कराता है। कलम की ताकत तलवार से भी बड़ी होती है। आज के युग में जहां सूचनाओं की बाढ़ है, वहीं सही और गलत खबर की पहचान करना बहुत आवश्यक है।

# अंजलि और तनिषा बनीं मिस फेयरवेल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। टाइटल विजेता छात्राओं के साथ प्रिंसिपल व कॉलेज स्टाफ।

सोमवार को शहर के वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में बीए अंतिम वर्ष की छात्राओं के सम्मान में फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

छात्राओं ने विदाई समारोह में डांस, म्यूजिक और रैंप वॉक जैसी गतिविधियों के साथ अंतिम वर्ष को यादगार बनाया। विभिन्न गतिविधियों के उपरांत टाइटल भी दिए गए। बीए फाइनल वर्ष की अंजलि को मिस फेयरवेल, श्वेता को मिस ब्यूटी, खुशी को मिस पर्सनालिटी, चंचल को मिस डांसर तथा मानसी को मिस परफेक्ट चुना गया। एमए इंग्लिश से तनिषा को मिस फेयरवेल, लक्ष्मी को मिस ब्यूटी तथा कोमल को मिस पर्सनालिटी चुना गया। फेयरवेल पार्टी के सफल आयोजन में डॉ. शालू शर्मा व डॉ. मंजीत ने अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां व मनोरंजक गतिविधियां हुई। प्राध्यापिका डॉ. सुजाता वर्मा, डॉ. नेहा नैन, डॉ. कुसुम, प्रवेश दहिया, डॉ दीपिका, शिखा तिवारी, रीना, तनुजा, ज्योति, नितेश व सीमा आदि ने छात्राओं को आशीर्वाद व शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम दौरान बीए अंतिम वर्ष की छात्राओं ने महाविद्यालय में बिताए अपने अनुभव साझा करते हुए सभी शिक्षकों एवं सहपाठियों का आभार व्यक्त किया।

### शिविर में रक्तदान करने वाले 70 युवाओं को बैज लगाकर किया सम्मानित

**झज्जर।** स्थानीय दीनबंधु चौधरी छोटूराम किसान धर्मशाला में सोमवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया। युवा कांग्रेस अध्यक्ष राम अवतार दीपक गहलावत ने बताया कि बादली से विधायक कुलदीप वत्स के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित इस शिविर में 70 युवाओं द्वारा रक्तदान किया गया। शिविर में रक्त संग्रहण का कार्य स्थानीय नागरिक अस्पताल व एम्स संस्थान बाढसा की टीम द्वारा किया गया। इस दौरान विधायक कुलदीप वत्स ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर उनका उत्साह बढ़ाते हुए जन्मदिन पर किए रक्तदान जैसे पुनीत कार्य के लिए आभार जताया। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष संजय यादव, वरुण गुलिया, मुन्ना पंडित, अखिल राहड़, नागरिक अस्पताल से डॉक्टर रेखा, नर्सिंग ऑफिसर ममता देवी, नर्सिंग ऑफिसर कविता गुलिया, लैब टैक्नीशियन प्रीति, रैडक्रॉस सोसायटी से दीपक कुमार व एम्स टीम से नरेंद्र, नवीन आदि रहे।



झज्जर। बैज लगाकर रक्तदाताओं का उत्साह बढ़ाते हुए विधायक कुलदीप वत्स।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

### सांसद रेखा के खिलाफ एफआईआर की मांग

**बहादुरगढ़।** कांग्रेस नेता राजेश कलसन ने अपने सहयोगियों के साथ सेक्टर-6 थाने में राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा के खिलाफ शिकायत दी। शिकायत में आरोप लगाया गया कि पंचकूला में नगर निगम चुनाव प्रचार के दौरान सांसद शर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री भजनलाल और विधायक चंद्र मोहन बिश्नोई पर आपत्तिजनक व निराधार टिप्पणी की, जिससे बिश्नोई समाज सहित 36 बिरादरी की भावनाएं आहत हुई हैं। शिकायतकर्ताओं ने रेखा शर्मा के के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# आरईडी में अंतर शाखीय खेल प्रतियोगिता में छुछकवास शाखा के खिलाड़ी प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| झज्जर



झज्जर। विजेता खिलाड़ियों के साथ उपस्थित निदेशक जितेंद्र सिंह।

आरईडी स्कूल छुछकवास में सोमवार को अंतर शाखीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में झज्जर, दादरी व छुछकवास शाखा के छठी से बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। तीन वर्गों में विभाजित इस प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने खेल भावना, अनुशासन एवं टीम वर्क का शानदार प्रदर्शन किया। प्राचार्य सुनील कादियान ने बताया कि विद्यार्थियों के बीच वॉलीबॉल, खो-खो, कबड्डी और फुटबॉल जैसी टीम स्पर्धाएं कराई गई जिसमें छुछकवास शाखा के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर प्रथम स्थान हासिल किया। विद्यालय निदेशक जितेंद्र सिंह अहलावत ने कहा कि खेल केवल शारीरिक विकास का माध्यम नहीं हैं, बल्कि ये अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना को भी विकसित करते हैं। ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास भी बढ़ता है।

# डेथमैन सीरीज की 75 किलोमीटर दौड़ में लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। डेथमैन वॉरियर का खिताब हासिल करने वाले बीआरजी के धावक।

देश की सबसे कठिन और रोमांचक अल्ट्रा ट्रेल प्रतियोगिताओं में शामिल डेथमैन सीरीज 75 किलोमीटर अल्ट्रा ट्रेल ऑब्स्टेकल रन में बहादुरगढ़ रनर्स ग्रुप के धावकों ने शानदार प्रदर्शन किया। यह ऐतिहासिक रेस देहरादून से धनोल्टी (देवमाल्टा) के बीच हुई। प्रतिभागियों ने लगभग 4400 मीटर की ऊंचाई के साथ खतरनाक पहाड़ी ट्रेल को पार किया।

इस अल्ट्रा रन में धावकों को 500 मीटर फ्लेम कैरी रन, 3 किलोमीटर टायर कैरी रन, डेढ़ किलोमीटर 7 किलो वजन के साथ बैक कैरी, 1 मिनट प्लैंक, 20 पुशअप्स, 20 बर्पीज, 20 सिट-अप्स, 200 मीटर नदी रन, बारिश, आंधी-तूफान और फिसलन भरे पहाड़ी रास्तों से गुजरना पड़ा। बीआरजी के गुलाब सिंह ने द्वितीय स्थान, कर्नल कृष्ण बधवार ने तृतीय स्थान, नीरज छिल्लर ने 7वां स्थान प्राप्त किया। जबकि डॉ. इमरोज ने सफलतापूर्वक रेस पूरी की। इन चारों धावकों ने तय समय में रेस पूरी कर डेथमैन वॉरियर का खिताब हासिल किया। बीआरजी के संस्थापक दीपक छिल्लर ने कहा कि डेथमैन सीरीज 75 किलोमीटर जैसी कठिन रेस को पूरा करना ही अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। बीआरजी देश के सर्वश्रेष्ठ रनिंग ग्रुप्स में अपनी मजबूत जगह बना चुका है।